www.sanjanabharati.com | दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित | facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 बिहार की राजनीति में छोटी-छोटी पार्टियां...
3 पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पंजाब को...
4 शिक्षा महज नौकरी पाने का जरिया नहीं बल्कि...

वर्षः 9 | अंकः 155 | दिल्ली, सोमवार, 31 मार्च 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना की और कहा कि जो लोग हथियार छोड़कर विकास का रास्ता अपनाएंगे, उनका पुनर्वास किया जाएगा। शाह ने शेष नक्सलियों से भी आत्मसमर्पण के लिए आगे आने और हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। शाह ने कहा, 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद इतिहास बन जाएगा, यह हमारा संकल्प है। उन्होंने हिंदी में एक्स पर लिखा, यह बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएंगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें 14 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था। बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूँ।

### पुणे में चाय की दुकान में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

**पुणे (एजेन्सी)।** पुणे के धनकवाड़ी इलाके में रविवार को चाय की एक दुकान में आग लगने से वहां काम करने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चाय की दुकान पर व्यक्ति का पहला ही दिन था। अधिकारियों ने बताया कि घटना शाम करीब सवा चार बजे हुई और ऐसा संदेह है कि एलपीजी सिलेंडर से रिसाव के कारण आग लगी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दुकान में आग लगने के समय एक नया कर्मचारी दूध गर्म कर रहा था। एक अधिकारी ने बताया, ह्वआज (रविवार को) ही काम पर आया कर्मचारी अंदर फंस गया और बुरी तरह झुलस गया।

### कर्नाटक सरकार भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ेगी: सिद्धरमैया

**कर्नाटक (एजेन्सी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि सरकार ने एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी (एक अरब घनफुट) पानी छोड़ने का फैसला किया है ताकि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में फसलों और पीने के वास्ते तुंगभद्रा नहरों तक पानी पहुंच सके। उन्होंने एक बयान में कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने तुंगभद्रा नहरों में जल प्रवाह के लिए एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ने का फैसला किया है। इससे कोप्पल, रायचूर और यादगिर में खड़ी फसलों की रक्षा करने में मदद मिलेगी और साथ ही इन जिलों के लिए पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित होगा। तीस मार्च की स्थिति के हिसाब से भद्रा जलाशय में 28 टीएमसी पानी था। मुख्यमंत्री ने कहा, आठ मई तक सिंचाई के लिए 11 टीएमसी और पेयजल के लिए 14 टीएमसी पानी की जरूरत है – जिससे तीन टीएमसी पानी की बचत होगी। छह अप्रैल से नहरों का इस्तेमाल केवल पेयजल आपूर्ति के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार अपने किसानों और लोगों के साथ खड़ी रहने के लिए प्रतिबद्ध है।




छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण कार्यक्रम में भाग लेते हुए। (स्त्रोतः पीआईबी)

# हमारा लक्ष्य प्रदेश को नशे के खिलाफ जागरूक कर, हरियाणा को नशामुक्त बनाना हैः सीएम सैनी

## सोनीपत हॉफ मैराथन को नायब सैनी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सोनीपत के दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित सोनीपत हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हॉफ मैराथन में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य लक्ष्य प्रदेश को नशे के खिलाफ जागरूक करना है ताकि हरियाणा को नशामुक्त बनाया जा सके। उन्होंने पूरे समाज को नशे के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाली, हमें खेलों के प्रति जागरूकता पैदा करने और नशे के खिलाफ पूरे समाज को लामबंद करने वाली दौड़ है। इस तरह के आयोजनों से न केवल सामाजिक जागरूकता आती है बल्कि हम सभी के अंदर उत्साह और उमंग का संचार भी होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं, स्वस्थ समाज देश-प्रदेश के विकास व उत्थान की पहली सीढ़ी है। स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है कि उसमें कुरीतियां न हो और वह नशे जैसी बुराई से मुक्त हो। इसी उद्देश्य से हमने प्रदेश में खेल सुविधाओं का विस्तार किया है। खेलों को बढ़ावा दिया है। युवाओं और सभी नागरिकों को नशे की बुराई से दूर रखने का अभियान भी चलाया है। यह मैराथन इसी अभियान की एक कड़ी है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में मैराथन और राहगिरी का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों से आमजन को फिटनेस के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त, 2019 को फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू किया था ताकि आमजन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू करके फिटनेस को आमजन की जीवन शैली का अभिन्न अंग बना दिया है। इसके साथ-साथ भारत ने विश्वभर को योग का मूलमंत्र भी दिया है। उन्होंने कहा कि आज की मैराथन में उमड़ी भीड़ देखकर पता चल रहा है कि लोग फिटनेस के लिए संकल्पबद्ध हो चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर नशे पर प्रहार कर रही है। संतों, महात्माओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिक संस्थाओं के साथ मिलकर नशे के खिलाफ काम कर रहे हैं। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। नशा मुक्ति व पुनर्वास के लिए गांव व वार्ड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक मिशन टीमों का गठन किया जा चुका है। धाकड़ कार्यक्रम को कॉलेज, यूनिवर्सिटी और शैक्षणिक संस्थाओं के स्तर पर शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मैराथन का आयोजन हरियाणा सरकार के हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। इस तरह प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। हरियाणा उदय अभियान के तहत अब तक 2,482 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें 16 लाख 50 हजार लोगों ने भाग लिया है। यह हरियाणा का आज तक का सबसे बड़ा आउटरीच कार्यक्रम साबित हुआ है। इसमें राहगिरी, साइकलोथॉन, अपराध व नशे से प्रभावित क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताएं, नशामुक्त अभियान, वरिष्ठ नागरिकों को गोद लेना, पुलिस पाठशाला आदि शामिल हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि मैराथन में पूरे शहर से हजारों लोगों ने हिस्सा लिया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मैराथन में हिस्सा लिया है। 60 साल से 80 साल की आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों ने भी खूब दौड़ लगाई, उनका उत्साह दूसरों को भी प्रेरणा देता है।

# विधानसभा में हिंदू नव वर्ष का भव्य आयोजनः कैलाश खैर और कैलासा बैंड की प्रस्तुति से शुरू हुआ नया वर्ष




**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में 30 मार्च, 2025 को हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 को यह आयोजन विधानसभा प्रांगण में दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

सांस्कृतिक संध्या के आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा उपस्थित रहे एवं अन्य माननीय सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजन का प्रारंभ गणेश वंदना से हुआ जिसमें कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजन में कैलाश खैर ने अपने स्वर से जहां सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया तो वहीं कैलासा बैंड की प्रस्तुति ने नए वर्ष की नई ऊर्जा का आवाहन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा "हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर, यह समय नवचेतना, संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन को नई दिशा देने का है। यह भारतीय परंपरा और पंचांग से जुड़ा हुआ है, जो हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। हिंदू नववर्ष हमारे अद्वितीय इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दशार्ता है, जो वसुधैव कुटुंबकम्‍ और अहिंसा परमो धर्मः जैसे मानवीय आदर्शों से प्रेरित है।"

गुप्ता ने कहा "भारतीय सनातन संस्कृति ने सदैव पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधा है। भारतीय सभ्यता समय की हर परीक्षा में खरी उतरी है और इसकी परंपराएं और मूल्यों का संरक्षण हमारा दायित्व है। नई पीढ़ी आधुनिक तकनीकी प्रभावों के कारण अपनी जड़ों से दूर होती जा रही है, और इसे भारतीय संस्कृति से जोड़ना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। इस कार्य की शुरूआत परिवार और समाज से ही होनी चाहिए।"

गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जोर दिया कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर का हर कीमत पर संरक्षण होना चाहिए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक शब्दों को साझा किया, जो राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक गौरव, और भारतीय मूल्यों को अपनाने का संदेश देते हैं। उन्होंने नववर्ष के इस पावन अवसर पर सभी से यह संकल्प लेने की अपील की कि हम अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को न केवल अपनाएंगे, बल्कि उनकी हर स्थिति में रक्षा भी करेंगे। सांस्कृतिक संध्या के आयोजन में करीब 1500 लोग शामिल हुए जिनमें विभिन्न वर्गों से आए लोगों ने आयोजन का आनंद उठाया।

# दिल्ली की हवा में हुआ और सुधार, सरकार ने बढ़ाए वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपाय

**संजना भारती/संजय कुमार**

**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए विकसित दिल्ली संकल्प के तहत तेजी से काम किया जा रहा है।



सरकार की सक्रिय नीति और ठोस प्रयासों से दिल्ली की हवा लगातार बेहतर हो रही है। प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार नई तकनीकों को अपनाने पर काम कर रही है। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु प्रदूषण के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के प्रजेंटेशन और उनकी तकनीक को देखा जो एयर पॉल्यूशन कंट्रोल में विशेष तकनीकों पर काम कर रही हैं। इनमें ड्रोन मिस्ट स्प्रिंकलर, आउटडोर एयर प्यूरीफायर और एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन शामिल हैं। इन तकनीकों को उन इलाकों में इस्तेमाल किया जाएगा जहां प्रदूषण के हाटस्पाट बने हैं, ताकि हवा की क्वालिटी में और सुधार लाया जा सके। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली क्षेत्र में पोल स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिससे धूल पर नियंत्रण पाने में काफी मदद मिल रही है। ये आधुनिक उपाय शहर में प्रदूषण कम करने के प्रयासों को और मजबूत बनाएंगे। मंत्री ने कहा कि, हम दिल्ली के अन्य इलाकों में भी पोल स्प्रिंकलर प्रयोगात्मक रुप से लगाएंगे।

दिल्ली सरकार ने एक्शन प्लान 2025 के तहत कई बड़े कदम उठाए हैं। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने, इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो को इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने, और गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को सख्ती से कंट्रोल करने पर ध्यान दिया जा रहा है। धूल नियंत्रण के लिए एंटी-स्मॉग गन और मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग अनिवार्य की गई हैं, जबकि इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन को कम करने के लिए नई टेक्नोलॉजी और वेस्ट प्रोसेसिंग सिस्टम अपनाए जा रहे हैं।

दिल्ली में बड़े स्तर पर पौधारोपण, वर्टिकल गार्डन और ग्रीन रूफटॉप को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि हरियाली बढ़ाई जा सके। साथ ही, रियल-टाइम एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन, AI-बेस्ड पॉल्यूशन प्रेडिक्शन मॉडल और अर्ली वार्निंग सिस्टम पर भी काम किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण को रोकने के लिए समय पर कदम उठाए जा सकें।

# हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने दी 3 करोड़ 14 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

## बसताड़ा गांव में आयोजित किया गया अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम के तहत घरौंडा हलके के बसताड़ा गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उनके निवारण के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों को 3 करोड़ 14 लाख रुपये की दो विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जीटी रोड़ से गांव मुबारकाबाद तक 1 करोड़ 75 लाख की लागत से बनने वाली नई सडक का शिलान्यास व गांव बसताड़ा में 1 करोड़ 39 लाख की लागत से तालाब के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर मौजिज लोगों द्वारा स्वागत किया गया।




इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आप सबके आशीर्वाद से ही तीसरी बार हलके की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आने वाले समय में सबको साथ मिलकर हल्के को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यकाल में हलके से जुड़े सभी कार्य पूरे किए जाएगें। पिछले वर्षों में हल्के में मेडिकल यूनिवर्सिटी, आईटीआई, घरौंडा में बस अड्डे का निर्माण, सडक, पुल, एनसीसी अकादमी की स्थापना, एसडीएम कार्यालय सहित विकास के अनेक कार्य पूरे हुए हैं। बचे हुए कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा। आगामी 5 सालों में हलके को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

हरविंद्र कल्याण ने कहा पिछले 10 वर्षों में हलके के सभी गांवों में विकास कार्य हुए हैं। धन्यवादी दौरे के दौरान वे हर गांव से भविष्य में कराए जाने वाले कार्यों की सूची प्राप्त कर रहे हैं। इन सभी जरूरी कामों को प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा।

पिछली बार कोरोना के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए थे। इस बार न केवल पिछली कमी को पूरा किया जायेगा बल्कि नए कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व में जो मुझे जिम्मेदारी दी है, उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाऊंगा और साथ-साथ हलके के लिए भी कार्य करूंगा। हम सब ने मिलकर आगे बढ़ना है, हलके में सुख-शांति रहें यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

इस मौके पर एसडीएम राजेश सैनी, डीडीपीओ संजय टांक, बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, पंचायती राज से एसडीओ जय भगवान, नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, राजेश जोगी, सुरेंद्र, सुभाष कश्यप, सरपंच सुरेश फौजी, पूर्व सरपंच कुटेल, समर सिंह राणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

# आयुषी जायसवाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम किया रोशन




**संजना भारती संवाददाता**

**दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिला स्थित शिव विहार के गंगा हैप्पी पब्लिक स्कूल की आयुषी जायसवाल जो दूसरी कक्षा की छात्रा है जिसने अपने क्लास में सभी विषयों में कुल 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की है। आयुषी जायसवाल जो एक होनहार छात्रा है, वह अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर स्कूल की टीचर्स और प्रधानाचार्या के साथ-साथ आयुषी के माता-पिता ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# टीबी उन्मूलन की राष्ट्रीय स्तरीय मुहिम में पंजाब ने दूसरा स्थान हासिल किया

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** विश्व टीबी दिवस पर भारत सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए शुरू किए गए 100 दिवसीय अभियान "टीबी मुक्त भारत अभियान" में पंजाब ने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त कर तपेदिक के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह के दौरान, टीबी मामलों की जांच, अनुसंधान और ईलाज में राज्य के अथक प्रयासों को मान्यता दी गई और राज्य टीबी अधिकारी डॉ. राजेश भास्कर ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से उपलब्धि प्रमाण पत्र प्राप्त किया।



7 दिसंबर, 2024 को पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह द्वारा अमृतसर में शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य संवेदनशील आबादी के लिए जल्द से जल्द स्क्रीनिंग, जांच और बेहतर देखभाल के माध्यम से टीबी के उन्मूलन को सुनिश्चित करना था।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि इन 100 दिनों के दौरान, पंजाब भर में स्वास्थ्य टीमों ने लगभग 28 लाख उच्च-जोखिम वाले व्यक्तियों की जांच की, जिसमें 17,300 टीबी मरीजों की पहचान हुई, जिन्हें समय पर ईलाज और पोषण सहायता प्रदान की गई। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान के दौरान रोकथाम उपायों पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें नए संक्रमणों को रोकने के लिए संपर्क में आए लोगों और जोखिम समूहों के लिए टीबी रोकथाम थेरेपी देना शामिल था।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिबद्धता को दिया। इस दौरान, पंजाब की सफलता को कई प्रदर्शन मापदंडों, जिनमें मामलों की अनुसंधान दर, टीबी से संबंधित मौतों में कमी और रोकथाम उपचार का दायरा शामिल है, के आधार पर आंका गया।

# सम्पादकीय

## आईपीएल में कौन बनेगा चैम्पियन?

**आईपीएल** का 18वां सत्र आरंभ हो चुका है। भारत के क्रिकेट इतिहास में आईपीएल की लोकप्रियता चरम पर है। हर साल गर्मियों में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में देश की प्रतिष्ठा भले ही दांव पर न हो लेकिन खिलाड़ियों को मालामाल करने के लिए यह काफी है। आईपीएल यानी इंडियन प्रीमियर लीग देश का एक ब्रांड बन चुका है। इसमें हर खिलाड़ी भाग लेना चाहता है। वजह, बहुत कम समय में लखपति या करोड़पति बनने का यह सुनहरा अवसर है। हम सब जानते हैं कि विभिन्न टीमों में खिलाड़ियों को चुनने के लिए ऊंची बोलियां लगती हैं। अच्छे खिलाड़ियों को अपने पाले में करने के लिए फ्रैंचाइजी कंपनियां करोड़ों रुपये न्योछावर कर देती हैं। इस बार भी नीलामी में कई खिलाड़ियों के लिए कंपनियों में होड़ रही। मसलन, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिए सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच जमकर होड़ रही। आखिरकार लखनऊ ने 27 करोड़ रुपये में पंत को अपने साथ जोड़ लिया। हालांकि, अभी तक खेले गए दो मैचों में वह कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। कई खिलाड़ियों ने इस बार पाला बदल लिया है। पिछले सत्र तक जो खिलाड़ी जिस टीम में थे वे अब दूसरी टीम के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। इसी नाते कई टीमों के नए कप्तान भी दिख रहे हैं। पिछली बार की विजेता टीम कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब की टीम से जुड़ गए हैं। वह इस टीम के नए कप्तान हैं। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 लाख रुपये में खरीदा है। आईपीएल की नीलामी ने साल- दर- साल व्यापक रूप ले लिया है। इस नीलामी से क्रिकेट के खेल में भारत के एक बड़ी ताकत होने और अपने देश में क्रिकेट का विशाल बाजार होने का पता चलता है। यही कारण है कि अपने यहां आईपीएल की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। देखना यह है कि इस बार कौन सी टीम चैम्प्यनि बनेगी? कुल दस टीमों के बीच जोर आजमाइश शुरू हो चुकी है। कई युवा खिलाड़ी आईपीएल के मंच पर दमदार प्रदर्शन करके देश की टीम में शामिल हो रहे हैं। यह नेशनल टीम में आने का एक दरवाजा बन चुका है। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रिंकू सिंह, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह आदि कुछ ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने आईपीएल के दम पर भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है। चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की एक चहेती टीम है जिसने अब तक 5 बार यह खिताब जीता है। देश के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी इस टीम के साथ आरंभ से ही जुड़े हुए हैं। वह 42 साल के हो चुके हैं पर, अब भी खेल रहे हैं। धोनी की वजह से यह टीम सबकी चहेती बनी हुई है। हर बार लगता है कि यह धोनी का आखिरी साल है लेकिन उनके करोड़ों प्रशंसक उन्हें रिटायर नहीं होने दे रहे। 2025 का आईपीएल उनका आखिरी है या नहीं, यह कोई नहीं बता सकता। धोनी जब तक फिट हैं, खेलते रहेंगे। विराट कोहली एक और ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपनी टीम नहीं बदली। वह शुरू से यानी 2008 से ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हैं। यह बात दीगर है कि उनकी टीम आजतक कोई खिताब नहीं जीत सकी है। कोहली द्वारा कप्तानी छोड़ने के बाद पिछले साल तक दक्षिण अफ्रीका के फाफ डू प्लेसी बेंगलुरू के कप्तान थे। इस बार युवा रजत पाटीदार कप्तान हैं। मुकेश अंबानी के मालिकाना हक वाली टीम मुंबई इंडियंस ने भी 5 बार आईपीएल का खिताब जीता है, मगर जबसे हार्दिक पांड्या इसके कप्तान बने हैं टीम का प्रदर्शन गिरावट पर है। पिछले साल रोहित शर्मा को हटा कर पांड्या को कप्तान बनाया गया। इससे टीम में कटुता भी दिखी है। इस बार भी पांड्या ही कप्तान हैं। जसप्रीत बुमराह इस टीम के मुख्य खिलाड़ी है लेकिन उनके साथ फिटनेस की समस्या है। कई माह से वह मैदान से बाहर हैं। गुजरात टाइटंस तीन साल पहले आईपीएल में शामिल हुई और 2023 में चैम्पियन भी बन गई।

## जयंती

### गुरु अंगद देव




जन्म-31 मार्च, 1504; मृत्यु-28 मार्च, 1552) सिक्खों के दूसरे गुरु थे। वे गुरु नानक के बाद सिक्खों के दूसरे गुरु थे। इस पद पर वे 7 सितम्बर, 1539 से 28 मार्च, 1552 तक रहे। गुरु अंगद देव महाराज जी का सृजनात्मक व्यक्तित्व था। उनमें ऐसी अध्यात्मिक क्रियाशीलता थी, जिससे पहले वे एक सच्चे सिख और फिर एक महान गुरु बनें। गुरु अंगद देव 'लहिणा जी' भी कहलाते हैं। ये पंजाबी लिपि गुरुमुखी के जन्मदाता हैं, जिसमें सिक्खों की पवित्र पुस्तक आदिग्रंथ के कई हिस्से लिखे गए। ईश्वरीय गुणों से भरपूर महान और प्रभावशाली व्यक्तित्व के स्वामी थे गुरु अंगद देव। इनके विषय में सहार नामक एक विद्वान ने लिखा है-

**अमिअ द्रिसटि सुभ करै, हरै अध पाप सकल मल।।**
**काम क्रोध अरू लोभ मोह, वसि करै सभै बलि।।**
**सदा सुखु मनि वसै, दुखु संसारह खौवे।।**
**गुरु नव निधि दरीआउ, जनम हम कालख धौवे।।**
**सु कहु टल गुरु सेवीअै, अहिनिसि सहजि सुभाए।।**
**दरसनि परसिअै गुरु कै, जनम मरण दुखु जाए।**

अर्थात गुरु देव जिस मनुष्य के ऊपर अमृतमयी दृष्टि डालते उसके सब पाप और विकार दूर हो जाते। गुरु अंगद देव के हृदय में में हमेशा सुख ही बसता था। वह जन्म जन्मान्तरों की कालिख धो देते थे।

## पुण्यतिथि

### श्यामजी कृष्ण वर्मा



जन्म: 4 अक्टूबर, 1857; मृत्यु: 31 मार्च, 1930) भारत के उन अमर सपूतों में हैं, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत की आजादी के लिए लगा दिया। ब्रिटिश सरकार के अत्याचारों से त्रस्त होकर भारत से इंग्लैण्ड चले गये श्यामजी कृष्ण वर्मा ने अपना सारा जीवन भारत की स्वतन्त्रता के लिए माहौल बनाने में और नवयुवकों को प्रेरित करने में लगाया। स्वामी दयानंद सरस्वती के सान्निध्य में रहकर मुखर हुए संस्कृत व वेदशास्त्रों के मूर्धन्य विद्वान के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त श्यामजी कृष्ण वर्मा 1885 में तत्कालीन रतलाम राज्य के 1889 तक दीवान पद पर आसीन रहे।

## कल मिलेंगे

गोलू-जिसका कोई नहीं होता, उसका पता है क्या होता है?
मोलू-हां... भगवान.
गोलू-नहीं रे.
मोलू-फिर?
गोलू-उसकी नींद पूरी होती है.

**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# बिहार की राजनीति में छोटी-छोटी पार्टियां ला सकती हैं बड़ा बदलाव

**भारतीय इतिहास में चंपारण आंदोलन के बाद महात्मा गांधी जिस तरह से पूरे देश में चमके और सम्पूर्ण क्रांति के बाद जयप्रकाश नारायण जिस तरह से समूचे राष्ट्र में लोकप्रिय हुए, उससे यहां की सियासी हवा को समझा जा सकता है। वैसे भी हिंदी पट्टी की राजनीति गैर कांग्रेस और गैर भाजपा राजनीति के लिए मुफीद समझी जाती है, जबकि लंबे समय तक कांग्रेस ने और फिर भाजपा ने इसे मनमाफिक हांका है**

-कमलेश पांडेय

**भारतीय** राजनीति में बिहार को सियासी प्रयोगशाला समझा जाता है। यहां पर कई ऐसे दिग्गज राजनेता हुए, जिसे चुनावी मौसम विज्ञानी तक करार दिया गया। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम अग्रगण्य है। चूंकि बिहार विधानसभा 2025 के लिए अक्टूबर-नवम्बर में चुनावी होने हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण चुनावी साल भी है, जिसके दृष्टिगत सभी राजनीतिक दल अपने अपने समीकरण बनाने में जुट गए हैं।

यूँ तो राज्य में कुल 243 सीटें हैं और दो बड़े गठबंधन हैं। जिनमें भाजपा और जेडीयू आदि की भागीदारी वाला एनडीए अभी सत्ता में है और कांग्रेस व आरजेडी आदि की भागीदारी वाला महागठबंधन विपक्ष में है। वहीं, दोनों ही गठबंधन में कुल 10 महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियां हैं, जो जाति-धर्म-क्षेत्र के आधार पर या फिर कहें कि खुद को सत्ता में बनाए रखने की संभावनाओं के आधार पर भारी उलटफेर करती रहती हैं, जिससे भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दलों का सियासी कद भी उनके सहयोगियों की जिद्द के समक्ष बौना नजर आता है। यहां की राजनीति में जदयू सुप्रीमो व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन में उलटफेर का ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है कि बिहार के कई सारे सियासी रिकॉर्ड को उन्हें ध्वस्त कर अपने नाम कर लिया है।

वहीं, नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की सियासी हनक से प्रेरणा लेते हुए कई ऐसे राजनीतिक दल अस्तित्व में आए हैं, जो अपने अपने इलाकों में अच्छे-खासे सक्रिय नजर आ रहे हैं और किसी भी प्रतिद्वंद्वी के सियासी भविष्य को मटियामेट करने लायक व्यापक प्रभाव रखते हैं। इनमें नवस्थापित जनसुराज पार्टी के सर्वेसर्वा प्रशांत किशोर के अलावा पुष्पम प्रिया, असदुद्दीन ओवैसी और आरसीपी सिंह आदि की पार्टी प्रमुख है, क्योंकि ये नेता ना तो लालू यादव-कांग्रेस के खेमे से जुड़े हैं और ना ही नीतीश कुमार-बीजेपी के खेमे में हैं।

इसलिए यह समझा जा सकता है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में इन नेताओं की पार्टियां किसी तीसरे मोर्चे के रूप में उभर रही हैं, जो पारंपरिक गठबंधनों से अपनी अलग और अलहदा पहचान बनाने की कोशिश में जुटी हुई हैं। कहने का तातपर्य यह कि ये दल स्वतंत्र रूप से अपनी अपनी राजनीतिक गतिविधियों में लगे हुए हैं, जो यदि बिहार विधानसभा की 10-20 प्रतिशत सीटें भी जीतने में कामयाब हो गए तो नीतीश कुमार और लालू प्रसाद का रिमोट कंट्रोल अपने हाथ में रखने में सफल होंगे।

भारतीय इतिहास में चंपारण आंदोलन के बाद महात्मा गांधी जिस तरह से पूरे देश में चमके और सम्पूर्ण क्रांति के बाद जयप्रकाश नारायण जिस तरह से समूचे राष्ट्र में लोकप्रिय हुए, उससे यहां की सियासी हवा को समझा जा सकता है। वैसे भी हिंदी पट्टी की राजनीति गैर कांग्रेस और गैर भाजपा राजनीति के लिए मुफीद समझी जाती है, जबकि लंबे समय तक कांग्रेस ने और फिर भाजपा ने इसे मनमाफिक हांका है। लालू प्रसाद और नीतीश कुमार इसी सियासी दांवपेंच की सफल पैदाइश समझे जाते हैं। हालांकि, बिहार की नई पीढ़ी अब इस तरह की घाती-प्रतिघाती राजनीति से ऊब चुकी है। इसलिए साल 2025 में वहां कुछ नया करिश्मा हो जाए तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। आप मानें या न मानें, लेकिन बिहार की राजनीति को पड़ोसी प्रान्त उत्तरप्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल और पड़ोसी देश नेपाल व बंगलादेश की राजनीति भी प्रभावित करती है। पाकिस्तान और अरब देशों की सियासत का प्रभाव भी बैक डोर से यहां की राजनीति पर पड़ती है, इसलिए यहां की राजनीति को एकतरफा रूप से प्रभावित करने में कभी लालू प्रसाद सफल हुए तो कभी नीतीश कुमार। अब आगे की लड़ाई उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (भाजपा), पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव (राजद), चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (जनसुराज पार्टी) और युवा तुर्क नेता कन्हैया कुमार (कांग्रेस) के बीच यदि सिमट जाए तो किसी के लिए हैरत की बात नहीं होगी। वैसे भी सम्राट चौधरी का सियासी ग्राफ सबसे ऊपर चल रहा है, क्योंकि आरएसएस और भाजपा, दोनों को उनमें अपना सियासी भविष्य दिख रहा है। नीतीश कुमार के स्वाभाविक विकल्प के तौर पर वो उभरे हैं। आपकी सियासी याद तरोताजा कर दें कि बिहार में 2020 के विधानसभा चुनाव में 212 पार्टियों ने हिस्सा लिया था, जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में 96 पार्टियां मैदान में उतरी थीं। यह बात अलग है कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में दर्जनों पार्टियां ऐसी थीं, जिन्होंने सिर्फ एक-एक सीट पर ही अपने उम्मीदवार उतारे थे। वहीं, कई पार्टियों ने 2, 3, 4, 5, 6 उम्मीदवारों को टिकट दिए थे। इससे राजद को परोक्ष लाभ मिला था, जिससे वह मजबूत तो हुई लेकिन सत्ता तक नहीं पहुंच पाई।

तब बिहार में एनडीए की सरकार बनी, ब्रेक के बाद अभी भी वहां पर एनडीए की ही सरकार है। क्योंकि 2020 के चुनाव में एनडीए ने 125 और महागठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। लेकिन कुशल सियासी रणनीति वश वर्तमान में एनडीए के खेमे में 129 विधायक हैं, जिनमें बीजेपी के 80, जेडीयू के 45 और जीतनराम मांझी की हम पार्टी के 4 विधायक हैं। वहीं, विपक्ष के पास 107 विधायक हैं, जिनमें आरजेडी के 77, कांग्रेस के 19 और सीपीआई (एमएल)/CPI (ML) के 11 विधायक हैं। यहां पर बहुमत के लिए 122 विधायक होना जरूरी है। ऐसे में 45 विधायकों वाले नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री बनना अपने आप में एक सियासी करिश्मा नहीं तो क्या है?

बता दें कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), जनता दल (यूनाइटेड), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) आदि के नाम प्रमुख हैं। वहीं, महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अलावा वामपंथी दलों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन का नाम प्रमुख है। इसी गठबंधन में मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी का नाम भी शामिल है।

वहीं, कुछ ऐसी कद्दावर पार्टियां भी हैं जो देखने में भले ही किसी गठबंधन में नहीं हैं, लेकिन उनकी रिमोट कंट्रोल भी भाजपा या कांग्रेस से सहानुभूति रखने वाले किसी बड़े नेता या उनके मित्र उद्योगपति के पास है, जिनमें जनसुराज पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, प्लूरल्स पार्टी, आप सबकी आवाज, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) आदि का नाम प्रमुख है। ऐसे में समझा जा सकता है कि दोनों गठबंधनों का राजनीतिक भविष्य इन्हीं पार्टियों के कद्दावर उम्मीदवार तय करेंगे। इसलिए सुलगता सवाल है कि तीसरे मोर्चे का आगामी चुनाव में क्या प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि देश में भले ही भाजपा की लहर चल रही है, लेकिन वक्फ बोर्ड संशोधन बिल, औरंगजेब और राणा सांगा प्रकरण आदि का मिलाजुला असर भी यहां देखने को मिल सकता है। इस लिहाज से जन सुराज पार्टी के चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सबसे पहले जिस 'जन सुराज अभियान' की शुरूआत की और पूरे राज्य में पदयात्रा की, फिर 2 अक्टूबर 2024 को राजनीतिक दल का ऐलान किया, उसका सकारात्मक असर लोगों के दिलोदिमाग पर पड़ा है।

चूंकि जनसुराज पार्टी ने अपना चुनावी पदार्पण नवंबर 2024 में बिहार की चार विधानसभा सीटों इमामगंज, बेलागंज, रामगढ़, और तरारी के उपचुनावों में किया, जिनमें भले ही पार्टी के सभी चारों उम्मीदवार हार गए और उसके तीन उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई, लेकिन तीन सीटों पर पार्टी तीसरे स्थान पर रही, जबकि रामगढ़ में चौथे स्थान पर रही। इससे इसकी सियासी पैठ बनाने की संभावना यहां बरकरार है। इन उपचुनावों में पार्टी को कुल मिलाकर लगभग 66,000 वोट मिले। पार्टी के प्रदर्शन पर प्रशांत किशोर ने ठीक ही कहा है कि हमारी नवगठित पार्टी ने चारों सीटों पर करीब 10% वोट हासिल किए। जबकि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए उनके पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय है।

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना

**मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियां आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है**

-ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत मिशन के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे अनुकरणीय बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक वफादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है।

मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है।

इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है। दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं और बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। लेकिन भारत इन स्थितियों में स्वास्थ्य चुनौतियों को कम करने के लिये सशक्त योजनाओं एवं सोच के साथ तत्पर है। मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन सरकार के सामने बड़ी समस्या है कि इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। सरकारी अस्पतालों को सशक्त एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है लेकिन समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि अपने यहां स्वास्थ्य बीमा का उतना चलन नहीं, जितना आवश्यक है। सरकारें इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा महंगा होता जाता है और इसके बाद भी उसमें अच्छा-खासा जीएसटी लगता है। सरकार को अधिक प्रभावी स्वास्थ्य परिणामों के लिये स्वास्थ्य सेवाओं एवं दवाओं को जीएसटी से मुक्त करना चाहिए। बच्चों की बढ़ती आबादी के साथ नित नई चुनौतियाँ भी बढ़ेंगी। इसलिए इन चुनौतियों से निपटने के लिए बच्चों और युवाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास में अधिक निवेश करना बहुत जरूरी है। जलवायु परिवर्तन से जुड़े खतरों से बहुत अधिक गर्मी, बाढ़, जंगल में आग और चक्रवात जैसी घटनाओं में आठ गुना वृद्धि होने का अनुमान है और इनका सीधा असर बच्चों पर पड़ेगा। निश्चित ही मोदी सरकार इन चुनौतियों से लड़ने में सक्षम है। एक अच्छा लीडर किसी चीज का ब्लेम थोड़ा ज्यादा लेता है और क्रेडिट लेने के मामले में पीछे रहता है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। इतिहास अक्सर किसी आदमी से ऐसा काम करवा देता है, जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक कोई आदमी बनता है तब भले ही उसकी प्रशंसा क्यों न हो, उसका कद स्वतः बढ़ जाता है। मोदी ने इस युग को वह दिया जिसकी उसे जरूरत है, वह नहीं जिसकी कि वह प्रशंसा करे।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की सुरक्षा घटाई गई

(एजेंसी)।

**काठमांडू** नगर निगम ने शनिवार को पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह को पत्र भेजकर एक दिन पहले राजधानी के कुछ हिस्सों में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति और पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है।

वहीं, नेपाल सरकार ने शाह के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों की संख्या कम कर दी है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। नेपाल की राजधानी के कुछ हिस्सों में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के हिंसक हो जाने के एक दिन बाद यह कदम उठाया गया है।

नेपाल की राजधानी के कुछ हिस्सों में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के हिंसक हो जाने के एक दिन बाद उठाया गया है। पूर्व नरेश के निजी आवास निर्मल निवास पर सुरक्षाकर्मियों की संख्या शुक्रवार के विरोध प्रदर्शनों के बाद 25 से घटाकर 16 कर दी गई। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि सरकार ने पूर्व नरेश की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों की टीम में भी फेरबदल किया है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने पूर्व नरेश की गतिविधियों पर भी सतर्कता बढ़ा दी है।

काठमांडू के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति देखी गई, जब राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने एक राजनीतिक पार्टी के कार्यालय पर हमला किया, वाहनों में आग लगा दी और काठमांडू के तिनकुने-बानेश्वर क्षेत्र में दुकानें लूट लीं।

सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक टीवी कैमरामैन समेत दो लोग की मौत हो गई और 110 अन्य घायल हो गए।

# राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कार बेड़े की लिमोजिन में विस्फोट!

(एजेंसी)।

**रूस।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बेड़े की एक लिमोजिन में विस्फोट हो गया है। देश की शीर्ष खुफिया एजेंसी, FSB के मुख्यालय के पास मास्को की एक सड़क पर लिमोजिन में विस्फोट हुआ और उसमें आग लग गई। यूरोवीकली के अनुसार, यह घटना 29 मार्च को लुब्यंका के पास स्थित मास्को के FSB मुख्यालय के उत्तर में एक सड़क पर हुई।

सोशल मीडिया पर कथित विस्फोट का एक कथित वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि £275,000 की ऑरस सीनेट के इंजन में लगी आग वाहन के अंदरूनी हिस्से तक फैल गई। दूसरे एंगल से लिए गए फुटेज से पता चला कि वाहन का पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया था। द सन के अनुसार, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि घटना के दौरान कार में कौन मौजूद था, क्योंकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यूरोवीकली की रिपोर्ट के अनुसार, संदेह है कि आग कार के इंजन में लगी और जल्द ही पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। बता दें कि 72 वर्षीय पुतिन नियमित रूप से रूस निर्मित कारों का उपयोग करते हैं और उन्होंने उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन को भी ये लिमोजिन उपहार में दी हैं।

# चकमा खा गए नितीश रेड्डी

(एजेन्सी)।

**चेन्नई** सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भले ही 43 साल के हो गए हैं लेकिन आज भी हो अच्छे-अच्छों को मात दे रहे हैं। वो आईपीएल 2025 में भी कुछ ऐसा ही कर रहे हैं, उनकी तेजतर्रार स्टंपिंग का सबसे नया शिकार नितीश राणा बने हैं। इस मैच में नितीश ने मात्र 21 गेंद में पचासा जड़ दिया था, वहीं मैच में उन्होंने 36 गेंद में 81 रनों की तूफानी पारी खेली। लेकिन रविचंद्रन अश्विन और एमएस धोनी ने उनके साथ ऐसी चालाकी खेली कि नितीश सब देखते रह गए और धोनी ने उनकी गिल्लियां उड़ा दीं।

नितीश राणा, चेन्नई सुपर किंग्क के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर रहे थे। ये मामला राजस्थान की पारी के 12वें ओवर का है। रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजी कर रहे थे, उनके ओवर की दूसरी गेंद पर नितीश राणा ने छक्का लगाया, वहीं तीसरी बॉल पर उन्होंने चौका जड़ दिया था। राणा ओवर की चौथी गेंद पर भी बड़ा शॉट लगाना चाहते थे। राणा बड़ा शॉट खेलने के इरादे से आगे बढ़ गए, लेकिन अश्विन ने चालाकी दिखाते हुए वाइड गेंद फेंक दी थी। राणा पूरी तरह चकमा खा गए, जिसके बाद धोनी के लिए उन्हें स्टंप आउट करना महज औपचारिकता मात्र रह गई थी। धोनी-अश्विन की इस जुगलबंदी के कारण नितीश राणा शतक लगाने से चूक गए।

नितीश राणा अपने आईपीएल करियर में कभी तक नहीं लगा पाए हैं। चेन्नई के खिलाफ मैच में उन्होंने अपने आईपीएल करियर की 19वीं हाफ-सेंचुरी लगाई है। अभी तक इस लीग में उनका सर्वाधिक स्कोर 87 रन है। नितीश राणा ने अभी तक अपने आईपीएल करियर में 110 मैचों में 2,736 रन बनाए हैं।

# जानें ईद पर खुले हैं या बंद हैं बैंक

(एजेन्सी)।

**देश** भर के बैंक 31 मार्च, 2025 को आवश्यक लेनदेन के लिए खुले रहेंगे। इस दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिन दिन भी है। हालांकि 31 मार्च को ईद-उल-फितर के कारण भारत में सार्वजनिक अवकाश के रूप में नामित किया गया है। वित्तीय वर्ष का क्लोजिंग डे होने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सरकारी कारोबार का प्रबंधन करने वाले एजेंसी बैंकों को इस दिन काम करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश का उद्देश्य करदाताओं की सहायता करना और वित्तीय वर्ष के समापन के समय वित्तीय परिचालन का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना है। सरकारी रसीदें और भुगतान से जुड़ी शाखाएँ अपने सामान्य बंद होने के समय तक खुली रहेंगी, और सरकारी चेक संग्रह के लिए विशेष समाशोधन कार्य संचालित किए जाएँगे। इन व्यवस्थाओं का समन्वय आरबीआई के भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग द्वारा किया जाता है।

ईद-उल-फितर की छुट्टी के कारण हिमाचल प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर अधिकांश भारतीय राज्यों में बैंक बंद रहने वाले थे। हालांकि, वित्तीय वर्ष के अंत में निर्बाध वित्तीय सेवाओं की आवश्यकता को समझते हुए, आरबीआई ने आवश्यक लेनदेन के लिए चुनिंदा शाखाओं को खुला रखने के लिए विशेष प्रावधान पेश किए। यह निर्णय केंद्रीय बैंक की निर्बाध वित्तीय परिचालन बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां सरकार से संबंधित व्यवसाय महत्वपूर्ण है। आयकर विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं कि वर्ष के अंत में कर-संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से जारी रहें। 26 मार्च, 2025 की एक प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की गई कि भारत भर में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च को चालू रहेंगे। "वित्तीय वर्ष 2024-25, 31 मार्च, 2025 (सोमवार) को समाप्त होगा, जो एक बंद अवकाश है। इसके अलावा, 29 मार्च, 2025 शनिवार है और 30 मार्च, 2025 रविवार है। इसलिए, लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए, पूरे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च, 2025 को खुले रहेंगे।

# सलमान के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं: संजय दत्त

**(एजेन्सी)।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने शनिवार को कहा कि वह अभिनेता एवं अपने मित्र सलमान खान के साथ एक बार फिर किसी फिल्म में काम करने को लेकर उत्साहित हैं। दत्त ने अपनी आगामी फिल्म भूतनी के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर प्रेस वार्ता में संवाददाताओं से कहा, हम (सलमान और मैं) साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले हमने साजन और चल मेरे भाई में काम किया था। यह एक एक्शन फिल्म है और मैं बहुत उत्साहित हूं कि मैं 25 साल बाद अपने छोटे भाई के साथ काम करूंगा। इस सप्ताह की शुरूआत में, सलमान ने दत्त के साथ एक नयी फिल्म किए जाने की खबर साझा की थी। सलमान ने कहा था, मैं सिकंदर के बाद एक और बड़ी एक्शन फिल्म कर रहा हूं। मैं फिल्म जगत के अपने बड़े भाई संजय दत्त के साथ नजर आऊंगा। दत्त ने सलमान को उनकी आगामी फिल्म सिकंदर के लिए शुभकामनाएं भी दीं, जो रविवार को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मनिका बत्रा ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट

**(एजेन्सी)।** कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत चुकी स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सोशल मीडिया की मशहूर हस्तियों में से एक हैं। मनिका बत्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नहीं रहती हैं, लेकिन समय-समय पर वह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर करती रहती हैं। क्रिकेट प्रेमी भारत देश में फैंस मनिका बत्रा को खूब पसंद करते हैं और उनकी हर एक पोस्ट पर खूब प्यार लुटाते हैं।

बता दें कि, सोशल मीडिया पर मनिका बत्रा के 700ङ फॉलोअर्स हैं, फैन फॉलोइंग से साफ जाहिर होता है कि फैंस उनसे कितना लगाव रखते हैं। पिछले कुछ दिनों से मनिका बत्रा अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल की स्टोरी पर सैड पोस्ट शेयर कर रही हैं, इसी बीच एक बार फिर उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इमोशनल वीडियो शेयर किया है, आपको दिखाते हैं ये वीडियो और इसके पीछे की वजह भी बताते हैं।

शुक्रवार शाम मनिका बत्रा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है, शेयर की गई स्टीर में प्रेमानंद महाराज जी का एक वीडियो है जिसमें वह अपने दुखी भक्तों को दिलासा देते हुए कहते हैं। हारना नहीं हैं बाहर से हार जाओ लेकिन अंदर से हारना नहीं है। हारता वही है जो खिलाड़ी होता है, जो गिरता है। जो खेलेगा ही नहीं वो हारेगा कैसे। वीडियो में आगे प्रेमानंद माहराज कहते हैं कि हार के बाद उदास नहीं होना है उम्मीद नहीं खोनी है। एक बार हार हो जाती है तो अगली बार के लिए आप खुद को इतना मजबूत बना लो कि फर्क ही ना पड़े।

# पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़/जालंधर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशानुसार पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के लिए जारी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस ने जालंधर में यूट्यूबर के घर पर हुए हमले के मामले में एक और गिरफ्तारी की है। इस गिरफ्तारी के बाद इस मामले में कुल गिरफ्तारियों की संख्या सात हो गई है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए जालंधर देहाती पुलिस ने चंडीगढ़ हवाई अड्डे से जालंधर के अलीचक निवासी मनिंदर उर्फ बॉबी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, 15 और 16 मार्च 2025 की मध्यरात्रि को कुछ लोगों ने यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के गांव रायपुर रसूलपुर, जालंधर स्थित घर पर हमला किया था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मनिंदर ने हथियारों की व्यवस्था की थी और उसने ये हथियार आरोपी रोहित बसरा को सौंपे थे। रोहित बसरा ने 8 मार्च को जंडू सिंघा में अमृतप्रीत और धीरज को ये हथियार उपलब्ध कराए थे। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनिंदर के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं।

डीजीपी ने बताया कि पूरे नेटवर्क का पदार्फाश करने के लिए आगे जांच जारी है। यह सफलता जालंधर ग्रामीण पुलिस द्वारा इस मामले में शामिल छह अन्य आरोपियों–अमृतप्रीत सिंह उर्फ सुखा, हार्दिक कंबोज, धीरज कुमार, संतोष कुमार उर्फ पांडे, लछ्मी और रोहित बसरा–को गिरफ्तार करने के कुछ दिनों बाद मिली है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड, दो .32 बोर की पिस्तौलें, कारतूस और तीन मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। अतिरिक्त जानकारी साझा करते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जालंधर देहाती गुरमीत सिंह ने बताया कि आरोपी मनिंदर के चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचने की विश्वसनीय सूचना मिलने पर जालंधर देहाती पुलिस की टीमें तुरंत चंडीगढ़ रवाना हुईं और हवाई अड्डे पर पहुंचते ही आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इस मामले की आगे जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व बरामदगी होने की संभावना है।

## पंजाब में 43 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में मत्स्य पालन

# वार्षिक 1.81 लाख टन मछली का उत्पादन हो रहा है: गुरमीत सिंह खुड्डियां



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि मत्स्य पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए राज्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों, निजी तालाबों और पंचायतों के पोखरों से सालाना कुल 1,81,188 टन मछली का उत्पादन कर रहा है। वर्तमान में राज्य में 43,973 एकड़ क्षेत्र मत्स्य पालन के अंतर्गत है।

वे एसएएस नगर (मोहाली) में एक होटल में मत्स्य पालन विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इस सेमिनार का उद्देश्य मत्स्य पालकों को नवीनतम तकनीक, सर्वोत्तम प्रथाओं और मत्स्य पालन के आधुनिक तरीकों के बारे में जागरूक करना था। इसमें 300 से अधिक किसान और अधिकारी शामिल हुए। स खुड्डियां ने बताया कि मत्स्य पालन क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए 16 सरकारी मछली बीज फार्मों पर वार्षिक लगभग 14 करोड़ उच्च गुणवत्ता वाले बीज तैयार कर किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

मत्स्य पालन के अलावा पंजाब राज्य झींगा पालन में भी प्रगति कर रहा है। श्री मुक्तसर साहिब, बठिंडा, मानसा, फरीदकोट और फाजिल्का जैसे पांच दक्षिण-पश्चिमी जिलों में हजारों एकड़ भूमि पहले क्षारीयता और लवणीयता के कारण खेती के लिए अनुपयोगी थी। स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि अब इन जिलों में झींगा पालन किया जा रहा है, जिससे किसानों को लागत निकालने के बाद प्रति एकड़ 2.5 से 4 लाख रुपये की शुद्ध आय हो रही है।

कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर जिला फतेहगढ़ साहिब के दो अग्रणी मत्स्य पालकों, श्री अमितेश्वर सिंह गिल और जिला कपूरथला के श्री परमिंदरजीत सिंह को सम्मानित किया। मत्स्य पालन निदेशक जसवीर सिंह ने बताया कि विभाग ने केंद्र प्रायोजित योजना के तहत पिछले 4 वर्षों में 618 परिवारों को 30 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की है। उन्होंने आगे कहा कि श्री खुड्डियां के नेतृत्व और प्रमुख सचिव श्री राहुल भंडारी के मार्गदर्शन में विभाग वर्तमान में मत्स्य पालन से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं जैसे कि मछली और झींगा पालन के तहत क्षेत्र विस्तार, मत्स्य उत्पादों के परिवहन के लिए वाहन, आरएएस और बायो-फ्लोक यूनिट, मछली कियोस्क, मिनी फिश फीड मिल आदि के लिए सब्सिडी प्रदान कर रहा है।

कॉमन सर्विस सेंटर, पंजाब के प्रमुख श्री भूपिंदर सिंह ने मत्स्य पालकों को सरकार द्वारा तैयार किए जा रहे डेटाबेस के बारे में जानकारी दी और किसानों को राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण के लाभों से अवगत कराया। उप निदेशक श्री गुरप्रीत सिंह और सहायक निदेशक मत्स्य पालन सतिंदर कौर ने किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न परियोजनाओं की उपलब्धियों के बारे में बताया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मत्स्य पालकों का आभार व्यक्त किया।

# देवतुल्य कार्यकर्ताओं का सम्मान झुकने नहीं दूंगा, चारों विधानसभाओं में कमल खिलाऊंगा: राजेश शुक्ला



**संजना भारती संवाददाता**
**मनोज कुमार बिन्द**

**प्रयागराज।** नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला का रविवार को विधानसभा करछना के कार्यकर्ताओं ने स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह मंडपम गेस्ट हाउस रामपुर में आयोजित किया। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओं का सम्मान नही झुकने दूंगा चूकीं आपके कार्य से ही हमारा सम्मान है,और आप कार्य करते रहिए हम आपका सम्मान बढ़ाते हुए संगठन को मजबूती देते रहेंगे। आपके सम्मान की लिए प्राणों की बाजी लगाना पड़ेगा तो पीछे नहीं हटूंगा। मैं जमीनी कार्यकर्ता हूं किसी को नाराज नहीं होने दूंगा। श्री शुक्ल ने कहा आपके सहयोग से चारों विधानसभा में कमल खिलाऊंगा।

विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने कहा की मेरा और करछना के जनता का सौभाग्य है की बार-बार करछना से जिलाध्यक्ष निर्वाचित होते हुए हम सबको स्वागत का अवसर देते है। अब करछना का इतिहास बदलता दिखाई देगा चूंकि अब संगठन के वास्तविक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिली है। स्वागत अभिनन्दन व सम्बोधन में निर्वतमान जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, ब्लांक प्रमुख कमलेश द्विवेदी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, ज्ञान सिंह पटेल, जिला मंत्री ओमप्रकाश निषाद,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मोर्चा जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान, सुधाकर पांडेय, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर द्विवेदी, सुखराज पटेल, बृजेश निषाद, अमित पांडेय, नागेश्वर निषाद, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भगवत पांडेय, प्रदीप महरा, कमल मिश्र, डॉ. देवी सिंह, शोशल मीडिया जिला संयोजक मिथिलेश पांडेय, सह-संयोजक आईटी राकेश विश्वकर्मा, आनन्द तिवारी आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिवम पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार व राममनोहर लोहिया एवं साथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वागत गीत से अभिनन्दन किया।

# शहीदों की वीर भूमि में जन्म लेकर फख्र है हमें : कुमारी आरती सिंह राव

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि अगर कोई सरकार जनकल्याण की भावना से काम करती है तो वह तीसरी बार भी सत्ता में आ सकती है, यह साबित कर दिया है मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी वर्तमान राज्य सरकार ने।

वे आज रेवाड़ी जिला में जाटूसाना पंचायत समिति द्वारा आयोजित शहीद परिवार सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा की जनता ने हमेशा से उनके परिवार का साथ दिया है और उसी की बदौलत उन्हें अपने क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला है। शहीद परिवारों के सदस्यों को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोसली हलके के अनेक शूरवीरों ने अपने प्राण भारत मां की रक्षा के लिए न्यौछावर कर दिए। हमें सदा उन पर गर्व रहेगा। उन्हें नाज है कि उनका जन्म इस वीर भूमि में हुआ । उन्होंने पंचायत समिति जाटूसाना की तरफ से रखी गई मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार दक्षिण हरियाणा के विकास के प्रति दृढ़ निश्चय से काम कर रही है। उन्होंने विधायक श्री अनिल कुमार यादव के साथ जाटुसाना ब्लॉक में शहीद स्मारक सहित 2.10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य विभाग तथा जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से आयोजित रक्तदान एवं चिकित्सा जांच शिविर का भी स्वास्थ्य मंत्री ने शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक श्री अनिल कुमार यादव के अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" का सीधा प्रसारण देखा। स्वाथ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री की बातों का अनुसरण करते हुए वर्षा के जल का संचय करना चाहिए। पानी मानव जीवन के लिए सबसे अनमोल तत्व है।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, ग्राम पंचायतों ने अपनी मांगे स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखीं जिनको मंत्री ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

# बच्चों के बीच किया गया प्रगति पत्र का वितरण



**एसबी ब्यूरो**

**मंसूरचक।** नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सहनी टोल गणपतौल में शनिवार को प्रगति पत्रक वर्ग 1 से 5 के छात्र-छात्राओं के बीच वितरण किया गया। उक्त मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अशर्फी पासवान एवं वरीय शिक्षक मो. कैसर अंसारी, बीपीएससी शिक्षक रिचा कुमारी एवं चंद्रजीत यादव एवं छात्र छात्रा के माता पिता इस प्रगति पत्रक में अधिक संख्या में जूट कर प्रगति पत्रक का वितरण किया गया और सभी छात्र छात्रा अपना अपना रिजल्ट कार्ड देखकर खुश हुए और अभिभावक भी खुश हो गए और मौके पर सभी शिक्षक ने अन्य आगे की शिक्षा के बारे मे जानकारी दिए और इस प्रगति पत्रक वितरण में विद्यालय शिक्षा समित के सदस्य मौजूद थे।

# अग्नि पीड़ित परिवार को दी राहत सामग्री



**एसबी ब्यूरो**

**दलसिंहसराय।** शुक्रवार को दिन में दोपहर के समय हरिशंकरपुर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई,जिसमें 6 घर जल गए। ईश्वर का शुक्रिया की कोई हताहत नहीं हुआ।लेकिन अफसोस है कि सब कुछ स्वाहा हो गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल और समूह से उठाए गए नोट भी जल गए। कुछ भी नहीं बचा सुबह-सुबह राजेंद्र प्रसाद ट्रस्ट के फाउंडर डॉ.संजीव प्रकाश को सदस्य आकाश कुमार सोनी के जरिए खबर मिली कि एक भयावह त्रासदी घटित हो गई है। जिसमें ट्रस्ट के सहयोग की जरूरत है। आनन फानन में श्री राजेंद्र प्रसाद ट्रस्ट के फाउंडर डॉ.संजीव प्रकाश, उपाध्यक्ष कुणाल कुमार सोनी, सदस्य आकाश कुमार सोनी,अरुण कुमार शर्मा, अंगद कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार एवं आमंत्रित सदस्य के रूप में अरुण कुमार राय घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर पहुंचने के बाद ट्रस्ट के सदस्यों ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की।

पीड़ितों में राधा देवी,विभा देवी,जुली देवी, मिंटू कुमारी, शिवकुमारी देवी एवं खुशबू कुमारी को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मौके पर वार्ड सदस्य नवीन ठाकुर एवं मुखिया जयकांत पासवान मौजूद थे। डॉ. संजीव ने बताया कि यह आर्थिक सहायता तत्कालिक मदद है। लेकिन इन परिवारों को फिर से बसाने की जिम्मेवारी जन सेवकों, प्रशासन और समाज को लेनी होगी। कुणाल ने कहा कि हमारा ट्रस्ट सदस्यों के छोटे छोटे मदद से चलता है। और हम अपनी सामाजिक जिम्मेवारी पूरी शिद्दत से निभाते है और जरूरत है कि पूरा समाज इस दिशा में आगे बढ़े।

# रमजानपुर मिढौली में सजी रोजा इफ़्तार की महफिल, मुल्क व कौम के लिए मांगी दुआएं



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूँ।** माहे रमजान मुबारक मौके पर कादरचौक के रमजान पुर मिढ़ौली में रोजा इफ़्तार पार्टी की महफिल सजाई गई, जिसमें सैकड़ों रोजेदारो ने शिरकत कर रोजा इफ़्तार कर अल्लाह से वतन व कौम की सलामती व खुशहाली के लियें दुआयें मांगी।

जानकारी के मुताबिक मिढ़ौली में रोजा इफ़्तार की महफिल का आयोजन किया जिसमें तमाम रोजेदारों ने आकर रोजा इफ़्तार किया बाद में वतन व कौम की सलामती खुशहाली व खैराफियत के लियें दुआयें खैर की गई। रमजान मुबारक महीने के रोजे रखना व इबादत करना बहुत ही बड़ा सबाब है साथ ही इस मुबारक महीने में रोजा इफ़्तार कराना भी बहुत ही सबाब का काम है। जिसके मद्देनजर लोग रोजा इफ़्तार की महफिलें सजाकर रोजेदारों का रोजा इफ़्तार कराते हैं।

इस मौके पर शकील बख्श, अमान अकील, गुलाम रसूल, उस्मान अली, पीर जी रफीक उद्दीन, अब्दुलरहमान, असिफ, शारिक, नईम, शहरोज, कादिर, साहिल, फैजान, शकील आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# आजाद फुटबॉल टूर्नामेंट के कप पर फतेहपुर ने जमाया कब्जा

## ट्राइब्रेकर में बरेहपुरा को 1-0 से हराया



**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** आजाद क्रीड़ा मैदान के तत्वाधान मे खेले जा रहे आजाद चैलेंज कप प्रतियोगिता का तीसरे संस्करण का फाइनल मुकाबला फतेहपुर व बहेपुरा के बीच खेला गया। जिसमें फतेहपुर ने ट्राइब्रेकर में बहेपुरा को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। रविवार को देर शाम तक चले इस रोमाचंक मैच में बहेपुरा की टीम ने पहले हाफ में एक गोल कर अपना खाता खोला।

वहीं फतेहपुर का स्कोर शून्य रहा। इसके बाद दूसरे हाफ में फतेहपुर ने एक गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। जो निर्धारित समय तक बरकरार रहा। जिसके बाद निर्णायक ने मुकाबला टाईब्रेकर में कराने का फैसला लिया। जिसमें फतेहपुर की टीम ने टाईब्रेकर में 1-0 से जीत दर्ज कर विजेता घोषित हुई। मैच में अकबरनगर सहित दर्जनों गांवों के लोगो की भीड़ मैदान में जुटी रही। रोमांच से भरपूर इस मुकाबले में दर्शको ने तालियों से खिलाड़ियों का खूब हौसलाफजाई किया। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन राजद नेता चन्दन सिन्हा व सुपौल के त्रिवेणीगंज के एसडीओ जेड हसन, नप अध्यक्ष किरणदेवी एवं अन्य गणमान्य ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल में जीत हार होती रहती है। असफलता आगे सफल होने की प्रेरणा देती है। साथ ही विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## जिलाधिकारी ने ईद-उल-फितर की दी शुभकामनाएं

# विधि-व्यवस्था संधारण के लिए वरीय पदाधिकारियों के साथ शहर में किया फ्लैग मार्च



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**

**हाजीपुर।** वैशाली के जिलाधिकारी, यशपाल मीणा ने जिलावासियों को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार अमन, त्याग, सेवा और भाईचारे का प्रतीक है।

रमजान का मुबारक महीना अमन-शांति का संदेश देता है। उपवास और इबादत के इस पवित्र महीने के बाद ईद का त्यौहार सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाए, ऐसी कामना है। उन्होंने कहा कि वैशाली में मेलजोल वाली गंगा-जमुनी संस्कृति की एक लंबी परंपरा रही है। सभी मिलजुल कर प्रेम और सौहार्द्र के साथ ईद मनाएं।

ईद की पूर्व संध्या पर जिला पदाधिकारी ने वरीय पदाधिकारी, पुलिस ऑफिसर्स तथा फोर्स के साथ हाजीपुर शहर में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च अक्षयवट राय स्टेडियम से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य अमन पसंद लोगों में एक आश्वस्ति भरना तथा असामाजिक तत्वों को यह संदेश देना रहा कि बदमाशी करने पर उनकी खैर नहीं।

फ्लैग मार्च में अपर समाहर्ता, विनोद कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा), अरुण कुमार सिंह, एसडीएम सदर, रामबाबू बैठा, एसडीपीओ, ओमप्रकाश के साथ कई वरीय पदाधिकारी साथ रहे।

# वहीद बक्श मस्जिद में नमाज ए तरावीह में कुरआन मुकम्मल मुल्क व कौम की सलामती की मांगी दुआएं



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** माहे ए रमजान मुबारक की 29 वी शब को नगर में मोहल्ला कमांग्रान स्थित मस्जिद वहीद बक्श में विशेष नमाज तरावीह में कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ। इस मौके पर मस्जिद को रंग बिरंगी बिजली की झालरों और फूलों से सजाया गया। हाफिज मोहम्मद जैद अहमद साहब ने नमाज ए तरावीह में कुरआन शरीफ सुनाया।

इस मौके पर नमाजियों ने मस्जिद में हाफिज मोहम्मद जैद अहमद साहब को फूल माला पहनाकर मुबारकबाद पेश की और तोहफे भेंट किए साथ ही नजराना पेश किया।

हाफिज साहब ने इस शब की फजीलत बया की बताया कि माहे रमजान मुबारक का महीना बड़ी अजमत ब बरकत का महीना है इस मुबारक महीने की बरकत से अल्लाह ताला तमाम गुनाहों को बख्श देता है। हमें अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए इबादत व तिलावत कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। मिस्कीनो से अच्छा बर्ताव करना चाहिए, जकात दें और झूठ, बुराई (चुगली), चोरी जिना से बचे। इसके साथ ही नात ओ मनकबत पेश की गई आखिर में सलातो सलाम पेश किया गया। हाफिज साहब द्वारा सामूहिक रूप से विशेष दुआ की गई जिसमे मुल्क व कौम की सलामती, अमन व तरक्की के लिए अल्लाह ताला से दुआये मांगी।

आखिर में सभी नमाजियों को तबर्रुक तकसीम किया गया। इस मौके पर मस्जिद के इमाम हाफि ज जीशान कादरी, मुअज्जिन सिकंदर, फैज,वसीम अहमद वगैरह मौजूद रहे।

# भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जरुरी : कृषि मंत्री

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के लोगों से जल संरक्षण करने का आह्वान किया है। उन्होंने आज यमुनानगर जिला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 120वें एपिसोड सुनने के बाद जल संरक्षण पर प्रधानमंत्री की अपील को दोहराया। उन्होंने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए अनमोल संपदा है, और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जरुरी है। श्री श्याम सिंह राणा ने योग और आयुर्वेद की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि दक्षिण अमेरिकी देशों, विशेषकर चिली में आयुर्वेद की मांग तेजी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने ब्राजील यात्रा के दौरान चिली के राष्ट्रपति के साथ इस विषय पर चर्चा की थी, जो आयुर्वेद की वैश्विक स्वीकार्यता को दशार्ता है। कृषि मंत्री ने कहा कि ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम देशवासियों के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है, जिसे हर नागरिक को अपने जीवन में उतारना चाहिए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**अधिसूचना**

**हाउस सर्जन की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू**

**केंद्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज में हाउस सर्जन के पांच (5) पद है। प्रत्येक निम्नलिखित विभागों में एक हाउस सर्जन का पद स्वीकृत हैः-**

1. सामान्य चिकित्सा विभाग (Medicine) - 01
2. सार्विक शल्य चिकित्सा विभाग (General Surgery) - 01
3. प्रसूति एवं स्त्री रोग (Obstetrics and Gynae ) - 01
4. बाल चिकित्सा एवं शिशु रोग (Paediatrics) - 01
5. अस्थि रोग विभाग (Orthopaedics) - 01

हाउस सर्जनो को दिया जाने वाला पारिश्रमिक का भुगतान IRMM के Para 243 (2) (1) निर्देशों के तहत और उत्तर प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत मेडिकल रेजिडेंट (प्रथम वर्ष) हेतु निर्धारित वेतन के समान होगा ।

आवश्यकतानुसार हाउस सर्जन के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार चिकित्सा निदेशक, केंदीय चिकित्सालय, प्रयागराज के कार्यालय में प्रत्येक महीने के प्रथम कार्य दिवस को **16:00 बजे** किया जाएगा । यदि महीने का प्रथम दिन अवकाश होने पर साक्षात्कार अगले कार्य दिवस पर आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार की सूचना केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के सूचना पटल, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य कार्यालय, मेडिकल कॉलेज के छात्रावास, सिविल अस्पताल एवं उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की वेबसाइट **www.ncr.indianrailway.gov.in** पर भी उपलब्ध रहेगी ।

**चिकित्सा निदेशक**
**उत्तर मध्य रेलवे केन्द्रीय चिकित्सा**
**प्रयागराज**

**574/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# शिक्षा महज नौकरी पाने का जरिया नहीं बल्कि यह जीवन परिवर्तन का मार्ग है: राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

## 'शिक्षा के साथ-साथ नए स्किल सीखने का कार्य करें युवा'

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** करनाल के वरिष्ठ उपाध्याय मनोहर मुनि जैन पब्लिक स्कूल के 25वें स्थापना समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए शिक्षा महज नौकरी पाने का जरिया नहीं है बल्कि यह एक जीवन परिवर्तन का मार्ग है। शिक्षा हमें संस्कारवान बनाती है। उन्होंने वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के 25 वें स्थापना दिवस पर समस्त छात्रों व स्कूल मैनेजमेंट को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज के कार्यक्रम में छात्रों ने महिला सशक्तिकरण को लेकर बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी है, जो हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी बेटी-



बचाओ और बेटी-पढ़ाओ अभियान को शुरू किया था। इसके साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं की शुरूआत की गई है, जिसका लाभ महिलाएं उठा रही हैं। **तेजी से आगे बढ़ रहा भारत:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विश्व की बड़ी शक्तियों में भारत का नाम गिना जाता है।

देश को आगे बढ़ाने में हमारी युवा शक्ति का अहम योगदान है। हमें शिक्षा के साथ-साथ स्किल पर भी कार्य करना चाहिए। आज शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक का महत्व बढ़ गया है। ऐसे में हम नए-नए स्किल सीखकर न केवल नौकरी अर्जित कर सकते हैं बल्कि नए-नए स्टार्ट अप भी खड़े कर सकते हैं।

**गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहा वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहा है। बेहद खुशी है कि विद्यालय अपने 25 वर्ष पूरे कर रहा है। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, पशु-पक्षियों के लिए भी संस्था के द्वारा कार्य किया जा रहा है।

मेधावी छात्रों को फीस में छूट दी जाती है। यह सराहनीय है।

# एम.एम पब्लिक स्कूल में 25वां वार्षिक पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का किया आयोजन




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** शहर के करनाल रोड़ स्थित एम एम पब्लिक स्कूल में 25वा वार्षिक पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एसडीएम पानीपत मनदीप शर्मा और पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल और सहओदया स्कूल करनाल के चेयरमैन राजन लांबा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की तस्वीर के सामने जोत प्रज्वलित कर की गई। स्कूल के बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे सभी को भाव विभोर कर दिया। स्कूल से पासआउट बच्चो जो विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं दे रहे है उनको सम्मानित किया गया।

वहीं स्कूल के अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 40 बच्चों को एलईडी सहित नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन आर वी भारद्वाज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों की उड़ान को पंख लगा सकता है। बच्चे अगर अपने मन में ठान ले तो हर मुकाम को हंसते हंसते हासिल किया जा सकता है। स्कूल के 25 सालों के सफर में बच्चो ने यह साबित भी किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल से पासआउट बच्चे कही डॉ के रूप में सेवा दे रहे है तो कही आर्मी ऑफिसर के रूप में देश की सेवा कर रहे है। बच्चे अन्य बड़े बड़े पदों पर है। बच्चो ने स्कूल के साथ साथ अपने माता पिता का भी नाम रोशन किया है।

वहीं एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा पूरे ध्यान से प्राप्त करनी चाहिए। शिक्षा के साथ साथ बाहरी एक्टिविटी पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे बच्चे का मानसिक विकास होता है।

# युवा अपने इतिहास व प्राचीन संस्कृति को याद कर आने वाले कल की चुनौतियों के लिए करें खुद को तैयार: स्पीकर हरविंद्र कल्याण

## 2047 में हमारा देश विकसित राष्ट्र हो, इसके लिए युवा शक्ति बढ़-चढकर अपना योगदान दें

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के स्पीकर श्री हरविंद्र कल्याण रविवार को बसताड़ा के वार हीरोज मेमोरियल स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बनाए गए म्यूजियम का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर युवा पीढ़ी को आह्वान किया कि भारत के गौरवशाली इतिहास, हमारी प्राचीन संस्कृति को याद करते हुए आने वाले कल की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करें। इसके साथ-साथ युवा पीढ़ी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए बढ़-चढकर अपना योगदान दें। उन्होंने स्कूल में वार हीरोज से जुड़ी अद्भुत जानकारी एकत्रित करने पर स्कूल के चेयरमैन, वीर चक्र लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वार हीरोज की इतनी जानकारी इस स्कूल में हैं, इससे पहले किसी स्कूल में नहीं देखी। बच्चे ज्यादा से ज्यादा अपने देश के जाबांजों, वार हीरोज के जीवन को पढ़ें और उनसे प्रेरणा लें, इस नाते से यह म्यूजियम स्कूल के अंदर लंबे समय तक समाज को और बच्चों को प्रेरित करता रहेगा। श्री कल्याण ने कहा कि यह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि इस म्यूजियम का उद्घाटन उनके द्वारा किया जा रहा है। हरियाणा विधानसभा स्पीकर



श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छी शिक्षा ग्रहण करे और आगे बढ़े। यहां बच्चों को अच्छे संस्कार मिल रहे हैं, अच्छा अनुशासन मिल रहा है। जीवन में जिन ऊंचाइयों को छूना है, उस राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों, बच्चों को स्कूल के वार्षिक उत्सव की हार्दिक बधाई दी।

स्पीकर श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि लोग जीवन में मुकाम हासिल करने के बाद जीवन को सुविधाओं से भरने का कार्य करते हैं। पद के माध्यम से जीवन और अच्छा बनें, इसकी चिंता करते हैं लेकिन यह म्यूजियम सिखाता है कि किसी मुकाम पर पहुंचने के बाद समाज को वापिस कैसे लौटाया जाता है। यह कार्य लेफ्टिनेंट कर्नल सुनहरा सिंह ने की। उन्होंने बताया है कि समाज की चिंता कैसे की जाती है। श्री कल्याण ने स्कूल के वार्षिक उत्सव की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हर प्रकार की झलक देखने को मिली है। हमारी संस्कृति की झलक, हमारे देश के गौरवशाली इतिहास की झलक, अध्यात्म की झलक, ज्ञान की झलक, वीरता और शौर्य की झलक देखने को मिली है।

# नपा राजौंद ने नगर की सड़क पर टैंकर से पानी का छिड़काव शुरू किया

## मार्केट यूनियन राजौंद प्रधान भीम सिंह राणा ने नपा सचिव का किया धन्यवाद

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नगर पालिका राजौंद ने मार्केट यूनियन की मांग पर नगर राजौंद के कैथल मार्ग पर पानी का छिड़काव शुरू कर दिया है। यूनियन प्रधान भीम सिंह राणा ने बताया कि राजौंद के दुकानदारों व नागरिकों की लंबे समय से मांग थी कि सड़क पर उड़ती हुई धूल से निजात दिलवाई जाए। जिसको लेकर नगर पालिका यूनियन की पूरी कमेटी नगर पालिका सचिव से मिली थी व लिखित में प्रार्थना पत्र दिया था। पानी टैंकर में कुछ बदलाव की जरूरत थी जिसमें मार्केट प्रधान भीम सिंह राणा ने सहयोग किया। 28 मार्च को पानी के टैंकर से नगर के कैथल मार्ग पर छिड़काव किया गया। जिससे दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।

यूनियन प्रधान भीम सिंह राणा ने कहा कि यदी नपा राजौंद के पास ट्रेक्टर चलाने के लिए चालक नहीं होगा तो उसकी व्यवस्था भी युनियन प्रधान करवा देंगे। प्रधान ने बताया कि नगर के दुकानदारों को सहयोग करने के लिए मार्केट युनियन का गठन किया गया है।



मार्केट युनियन नपा राजौंद से तालमेल बना कर चलेगी व हर प्रकार का सहयोग करेगी।

प्रधान मार्केट यूनियन भीम सिंह राणा ने पानी छिड़काव करने पर नगर पालिका मार्केट यूनियन की ओर से नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा का धन्यवाद किया है। प्रधान भीम सिंह राणा ने नगर पालिका सचिव से अनुरोध किया कि पानी के छिड़काव की लगातार व नियमित व्यवस्था करवाने में सहयोग करें। ताकि दुकानदारों, नागरिकों, वाहन चालकों को राहत मिल सके।

नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने कहा कि मार्केट यूनियन राजौंद की मांग पर नपा राजौंद द्वारा पानी छिड़काव की व्यवस्था करवाई जा रही है। नागरिकों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 12 अप्रैल को मनाया जाएगा

## संकीर्तन में सुंदर-सुंदर झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** शहर के अर्जुन गेट स्थित श्री सेवा समिति आश्रम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा 12 अप्रैल को बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन को लेकर समिति के सभी सदस्यों में काफी उत्साह है।

इस अवसर पर श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला व मुख्य सेवक विकास गर्ग ने बताया कि संकीर्तन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 12 अप्रैल को शाम 6 बजे संकीर्तन शुरू होगा और प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस संकीर्तन में भजन गायक रजनी सरगम, जतिन जिंदल, हेमंत ललित अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। संकीर्तन में श्री हनुमान जी, राम दरबार सहित अन्य सुंदर-सुंदर झांकियां आकर्षण



का केंद्र रहेंगी।

इस संकीर्तन में डॉ. दिनेश गोयल मंच का संचालन करेंगे और पंकज गुप्ता श्रृंगार सेवक के रूप में अपनी सेवाएं निभाएंगे। संकीर्तन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रमोद मंगला ने बताया कि समिति की तरफ से लक्की ड्रा निकाले जाएंगे। जिसमें श्याम बाबा की चांदी की बांसुरी और हनुमान जी की सोटा होगा। इसमें कूपन निकले वाले 11 कपल को क्षीरधारा रेस्टोरेंट में लंच करने का मौका मिलेगा।

प्रमोद मंगला ने अपील करते हुए कहा कि सभी भक्तजन संकीर्तन में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें और श्याम रसोई का भंडारा ग्रहण करें। इस अवसर समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला, जतिन मंगला, विपिन गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, अनिल, सचिन गोयल, संजीव मित्तल व संजू गोयल उपस्थित रहे।

# विधायक ने रघुनाथ नगर में आमजन के साथ बैठकर सुना पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को रघुनाथ नगर (बूथ नंबर 213) में आमजन के साथ बैठकर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हर बार मन की बात कार्यक्रम में कोई न कोई नई सीख देते हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए, देश की तरक्की और खुशहाली में अपना योगदान देना चाहिए। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात के कार्यक्रम में छात्रों को नए हुनर सीखने और खुद को निखारने की सीख दी है। उन्होंने कहा कि ह्यमन की बातह्न में प्रधानमंत्री ने कहा, गर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है। यह समय अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है। इन छुट्टियों में आपके पास स्वयंसेवी गतिविधियों और सेवा कार्यों से जुड़ने का भी अवसर है।

# राजौंद, जिला कैथल निवासी परिचालक जोगिंद्र सिंह ने रूपए, आभूषण से भरा बैग लौटा कर इमानदारी का परिचय दिया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल/राजौंद।** आज के युग में जहां चोरी, लूटपाट, धोखाधड़ी जैसी वारदात होना आम बात है। वही हरियाणा रोडवेज चंडीगढ़ में कार्यरत परिचालक जोगिंद्र सिंह (निवासी राजौद) ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। एक महीला यात्री द्वारा जल्द बाजी में अपना एक बैग, पैसों से भरा हुआ पर्स, मोबाइल, लाखों रुपए के गहने बस में ही छोड़ दिए थे। परिचालक जोगिंद्र सिंह ने उस बहन को पूरा सामान वापस लौट कर ईमानदारी का परिचय दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक हरियाणा रोडवेज की बस में दिल्ली से चंडीगढ़ आते समय एक बहन मीनाक्षी रावत (खरड़) पंजाब से जल्दबाजी में अपना बैग बस में ही भूल गई थी। बैग में पैसों से भरा हुआ पर्स, एक मोबाइल, लाखों रुपए के गहने थे। बैग में मोबाइल बंद था। राजौंद, जिला कैथल निवासी जोगिंदर, परिचालक ने बताया की



मोबाइल को चार्जर लगाकर जब ऑन किया तो मोबाइल पर बहन का फोन आया, तो उस बहन ने अपने गुमशुदा सामान के बारे में पूरी घटना बताई। वह बहुत दुखी, परेशान उदास थी, परिचालक से बैग के बारे में सूचना पाकर बहन ने राहत की सांस ली। वह मौके पर पहुंच गई और सभी निशानियां बता कर, अपना सामान प्राप्त किया। मौके पर हरियाणा रोडवेज चंडीगढ़ परिचालक जोगिंद्र सिंह यार्ड मास्टर, पवन कुमार, वीरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह ने बहन का लाखों रुपए का बैग लौटा कर ईमानदारी पेश की। मीनाक्षी रावत बहन ने उन सभी भाइयों का धन्यवाद किया। इस घटनि से सिद्ध होता है कि ईमानदारी अभी जिंदा है। राजौंद निवासी परिचालक जोगिंदर सिंह की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

# महिला पर फायरिंग करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा 2 असला सप्लायर आरोपी काबू

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** पूंडरी में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला पर फायरिंग करने के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के एएसआई तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मटरवा खेड़ी निवासी बीरबल को काबू करके अदालत से 3 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरु ब्रहमानन्द कॉलोनी पूंडरी में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला उर्मिला की शिकायत अनुसार वह पिछले 8/9 साल से अपनी पति व देवर मंजीत के साथ हैयर सेलून व ब्युटी पार्लर चलाती है।

4/5 साल पहले उसके पति के चाचा का लड़का बीरबल उनके सैलून पर काम करता था। जिसके आपराधिक काम करने की वजह से कई बार पुलिस द्वारा पकड़ा गया था, जिससे उन्होंने बीरबल को दुकान से हटा दिया था। जिसकी वजह से वह उनसे रंजिश रखने लगा व कई बार उसने उनसे झगड़ा भी किया।

21 मार्च दोपहर करीब 1.30 बजे बीरबल उनके सैलून पर आया तथा उसने उसके साथ मारपीट शुरू करदी, शोर सुनकर उसका देवर मंजीत भी वहां आ गया। इसी दौरान बीरबल ने अपने पेंट से पिस्टल निकालकर जान से मारने की



नीयत से उस पर फायरिंग की, जो गोली उसकी गर्दन को छूकर निकल गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया।

प्रवक्ता ने बताया की आरोपी बीरबल ने कबूला था की उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2023 से 2025 तक कैथल व करनाल एरिया में 14 अन्य छीना झपटी की वारदातों को अंजाम अंजाम दिया था। रिमांड अवधि दौरान आरोपी बीरबल के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्तौल बरामद कर लिया गया। इसके अतरिक्त ए एस आई तरसेम कुमार की टीम द्वारा आरोपी बीरबल को असला सप्लाई करने वाले आरोपी गांव कमहेड़ा जिला सहारनपुर यूपी निवासी अक्षय तथा गांव धकदई जिला सहारनपुर यूपी निवासी विवेक ऊर्फ बंटी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तीनो आरोपी रविवार को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।

# तहसील परिसर असंध में पार्किंग स्थान ठेका के लिए आज होगी बोली

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** तहसील परिसर असंध में पार्किंग स्थान का ठेका 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए बोली 31 मार्च 2025 दोपहर 1 बजे नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में उपमंडलाधीश कार्यालय असंध में होगी। न्यूनतम बोली कि राशि 53 हजार 500 रुपए से शुरू होगी। बोलीदाताओं को बोली आरम्भ होने से पूर्व 10000 रुपये धरोहर राशि के रूप में जमा करवाने होंगे। यह जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार राधेश्याम ने बताया कि सफल बोलीदाता बोली समाप्त होते ही बोली की 25 प्रतिशत राशि उसी समय उप मण्डल कार्यालय, असंध से सम्बन्धित कर्मचारी के पास जमा करवाएं तथा शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अन्दर-2 उप मण्डल अधिकारी असंध कार्यालय में जमा करवाएगा। सफल बोलीदाता यदि उसी समय मौके पर बोली की राशि का 25 प्रतिशत जमा नहीं करवाता/जमा करवाने में असमर्थ रहता है तो बोलीदाता का ठेका रद्द कर दिया जाएगा तथा अग्रिम राशि 10000 रुपये जब्त कर ली जाएगी। दूसरे नम्बर पर रहने वाले बोलीदाता को यह ठेका दे दिया जाएगा। बाकी असफल बोलीदाताओं को उनकी धरोहर राशि बोली के तुरन्त बाद वापिस लौटा दी जाएगी।

उप मण्डल अधिकारी (ना0), असंध को ठेका/बोली स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। ठेका आरम्भ होने से पूर्व ठेकेदार द्वारा इकरारनामा तथा जमानतनामा 100 रुपये के स्टाम्प पर देना होगा। सफल बोलीदाता एवं जमानती की चल/अचल सम्पति के कागजात लगाने अनिवार्य होंगे। सफल बोलीदाता सुनिश्चित करें कि सभी वाहन अन्दर पार्किंग में खड़े हों, कोई भी वाहन बाहर गेट के सामने न खड़ा हो। शर्तें उप मण्डल अधिकारी (ना0), असंध के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है, जो मौके पर भी सुनवाई व दिखाई जाएगी।

## गुहला पुलिस द्वारा गांव अगोंध से लाहण सहित आरोपी काबू

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** अवैध शराब तस्करो पर शिकंजा कसते हुए थाना गुहला पुलिस द्वारा गांव अगोंध से एक आरोपी को लाहण सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना गुहला पुलिस के एएसआई भूपेंद्र सिंह की टीम द्वारा शाम के समय एक गुप्त सुचना के आधार पर गांव अगोंध निवासी रणधीर ऊर्फ धीरा को उसके मकान पर दबीश देकर काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे में एक प्लास्टिक केन से 17.840 लीटर लाहण बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक: डीसी प्रीति

## 'सोलर सिस्टम लगाकर ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा करने में खुद को बनाये सक्षम'

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान



उपायुक्त कैथल प्रीति।

यानि कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

उन्होंने बताया केंद्र सरकार का अनुदान सभी आय वर्गों के लोगों को दिया जाएगा। यानि केंद्र का अनुदान लेने के लिए आय से संबंधित कोई शर्त नहीं है। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी, उस बिजली को भी सरकार खरीदेगी, जिससे उनकी अतिरिक्त आय होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की यह बेहतरीन योजना है जिसके द्वारा समाज की हर वर्ग की ऊर्जा संबंधित जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। अगर खपत से ज्यादा बिजली का उत्पादन सोलर पैनल द्वारा किया जाता है तो वह बिजली के खाते में जाएगा जिसका भुगतान सरकार द्वारा उक्त मकान मालिक को किया जाएगा। इस योजना से सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम होगा और स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को अपनाने में मदद मिलेगी।